चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा / डी0आर0 / 8682
दिनांक : 05.04.2024

कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय सी0सी0टी0वी0 कण्ट्रोल रूम के पत्र संख्या : CCTV/24/02, दिनांक 30.03.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करें, तत्सम्बन्ध में दिनांक वार्षिक मुख्य परीक्षा–2024 एवं दिनांक 15.04.2024 से आयोजित होने जा रहीं स्नातक एन0ई0पी0 पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर जून–2024 हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रों से अनुरोध है कि निम्नलिखित निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें :–

1. प्रत्येक पाली की समाप्ति के उपरान्त निर्धारित प्रारूप पर परीक्षा में सम्मिलित छात्र/छात्राओं की अलग–अलग उपस्थिति/अनुपस्थिति तथा यू0एफ0एम0 किये गये परीक्षार्थियों की सूचना विश्वविद्यालय पोर्टल www.ccsums.com पर प्रेषित करें।

   यदि किसी परीक्षा केन्द्र के पास उक्त पोर्टल का लॉगिन एवं पासवर्ड उपलब्ध नहीं है तो ई–मेल आई0डी0 : universitycctv@gmail.com पर ई–मेल करते हुए पासवर्ड प्राप्त करें।
2. प्रत्येक परीक्षा केन्द्र STATIC IP/DNS के द्वारा ही CCTV/DVR का LINK विश्वविद्यालय की ई–मेल आई0डी0 universitycctv@gmail.com पर उपलब्ध कराये, जिससे वीडियो की कनेक्टिविटी एवं गुणवत्ता सही रहे।
3. प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दो कैमरे होने चाहिए जो वाइस (आवाज) रिकार्डिंग युक्त हो, कैमरे केवल फुल एच0डी0 ही होना अनिवार्य हैं।
4. उपर्युक्त उद्देश्य हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्र अपने यहाँ कम से कम 4Mbps के इन्टरनेट का कनेक्शन आवश्यक रूप से लेना सुनिश्चित करें।

08-4-2024

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विश्वविद्यालय परीक्षाओं हेतु निर्धारित किये गये समस्त परीक्षा केन्द्रों के वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षकों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. समन्वयक–सी0सी0टी0वी0 कण्ट्रोल रूम को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि ऐसे परीक्षा केन्द्र जहाँ उपर्युक्त अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है, की सूची उपलब्ध करायें।
4. संयोजक–विशेष उड़ाका दल को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि परीक्षा केन्द्रों की जाँच के समय उपर्युक्त अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चत किया जा रहा है अथवा नहीं इसकी भी जाँच कराने का कष्ट करें।

05/04

उप कुलसचिव (परीक्षा)